# Result Mitra Daily Magazine

## Kaawli Puraskaar

### हालिया सन्दर्भ-

- हाल ही में 12 जून (बुधवार) को कावली पुरस्कार 2024 के घोषणा की गई।
- कावली पुरस्कार 2024 के तहत 8 विशेषताओं को उनके खगोल भौतिकी (Astrophysics), तंत्रिका विज्ञान (Neuroscience) तथा नैनो विज्ञान (Nano Science) में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### कावली पुरस्कार क्या है?

- कावली पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2005 में नार्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एंड लेटर्स, नॉर्वेजियन शिक्षा और अनुसंधान मंत्रालय एवं कावली फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।
- कावली पुरस्कार प्रत्येक दूसरे वर्ष खगोल भौतिकी, नैनो विज्ञान और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले दुनिया भर के वैज्ञानिकों को दिया जाता है।
- कावली पुरस्कार के तहत विजेता को एक स्वर्ण पदक, एक स्क्रॉल सहित 10 लाख अमेरिकी डॉलर के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।
- कावली पुरस्कार के लिए तीन स्वतंत्र चयन समितियां "द नॉर्वेविजन एकेडमी आफ साइंस एंड लेटर्स" को पुरस्कार विजेताओं के नाम के अनुशंसा करती है।
- प्रत्येक स्वतंत्र समिति में पांच सदस्य होते हैं जो दुनिया भर के प्रमुख विज्ञान संस्थाओं द्वारा नामित किया जाता है।
- इन प्रमुख विज्ञान संस्थानों में चीनी विज्ञान अकादमी, फ्रेंच विज्ञान अकादमी, जर्मनी की मैक्स प्लैक सोसाइटी, अमेरिका की नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस तथा यूके की रॉयल सोसाइटी शामिल है।
- प्रथम कावली पुरस्कार 9 दिसंबर 2008 को प्रदान किया गया था।
- कावली पुरस्कार नॉर्वेजियन अमेरिकी व्यावसायी 'फ्रेड कावली' के सम्मान में प्रदान किया जाता है।

## फ्रेड कावली कौन थे?

- फ्रेड कावली (1927-2013) का जन्म नॉर्वे के इरेज्सफोर्ड में हुआ था और यहां इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर 1956 में अमेरिका (कैलिफोर्निया) चले आए।
- अमेरिका में फ्रेड कावली ने मिसाइलों के लिए उच्च तकनीक वाली सेंसर बनाने वाली कंपनी में काम करना शुरू किया, जहां एक साल के भीतर वे मुख्य अभियंता (engineer) बन गए।
- वर्ष 1958 में फ्रेड कावली ने अपनी खुद की कंपनी 'कवलिकों' की स्थापना की।
- वर्तमान में 'कवलिकों' कंपनी मिसाइल सेंसर से संबंधित प्रणालियों के लिए अग्रणी कंपनी के रूप में जानी जाती है।
- कवलिको कंपनी द्वारा निर्मित 'दबाव ट्रांसड्यूसर' अपनी उच्च सटीकता और विश्वसनीयता के कारण वैश्विक प्रसिद्धि हासिल कर रखी है।
- दबाव ट्रांसड्यूसर ऐसा उपकरण है जो दबाव (Pressure)को विद्युत संकेत में परिवर्तित करता है।
- वर्ष 2000 में फ्रेड कावली ने अपनी कंपनी कवलिको को 340 मिलियन अमेरिकी डॉलर में बेचकर 'कवली फाऊंडेशन' की स्थापना की।
- कवली फाऊंडेशन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए बुनियादी अनुसंधान का समर्थन करना है।
- वर्तमान में कवली फाऊंडेशन 20 संस्थान संचालित करता है जो खगोल भौतिकी, तंत्रिका विज्ञान, नैनो विज्ञान तथा सैद्धांतिक भौतिकी के लिए अनुसन्धान का काम करते हैं।

## कावली पुरस्कार की नोबेल पुरस्कार में अंतर-

- हालांकि कावली पुरस्कार को खगोल भौतिकी, तंत्रिका विज्ञान और नैनो विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की तरह डिजाइन किया गया था लेकिन इसका दृष्टिकोण नोबेल पुरस्कार की तुलना में दूरगामी है।
- अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार नोबेल पुरस्कार के लिए निर्धारित क्षेत्रों के विजेता का चयन एक वर्ष के दौरान प्राप्त की गई उपलब्धियों के आधार पर होता है जबकि 'कावली पुरस्कार' के तहत विशेषताओं का चयन किसी खास समय सीमा के तहत नहीं किया जाता है।

ResultMitra

## वर्ष 2024 के लिए कावली पुरस्कार के विजेता-

### खगोल भौतिकी (Astrophysics)-

- कावली पुरस्कार 2024 के तहत इस वर्ष खगोल भौतिकी क्षेत्र में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के डेविड चारबोन्यू, मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 'सारा सीगर' को प्रदान किया गया।
- इन दोनों विजेताओं को एक्सोप्लेनेट की खोजों एवं उनके वातावरण के लक्षण के वर्णन के लिए पुरस्कृत किया गया।
- डेविड चारबोंन्यू एवं सारा गीगर के इस योगदान से ग्रहों के वायुमंडल में परमाणु प्रजातियों का पता लगाने, थर्मल इंफ्रारेड उत्सर्जन की माप तथा ग्रहों के आसपास आणविक  फिंगरप्रिंट खोजने में मदद मिलेगी।

### नैनो विज्ञान (Nano Science)-

- कावली पुरस्कार 2024 के तहत नैनोविज्ञान क्षेत्र के लिए एमआइटी के रॉबर्ट लैंगर, शिकागो विश्वविद्यालय के आर्म्ड पॉल एस एलिविसैटोस तथा नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के चाड मिर्कीन को चुना गया।
- इन तीनों को यह पुरस्कार 'चिकित्सीय जैव अणुओं' के लिए सफल अनुसंधान के लिए दिया गया।
- इनका यह अनुसंधान मस्तिष्क कैंसर, प्रोटेस्ट कैंसर और सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारियों के इलाज के लिए नियंत्रित दवा वितरण प्रणाली के विकास में मदद कर सकता है।

### तंत्रिका विज्ञान (Neuroscience)-

- कावली पुरस्कार 2024 के तहत तंत्रिका विज्ञान क्षेत्र के लिए एमआइटी ने नैन्सी कनविशर, रॉकफेलर विश्वविद्यालय के विनरिच फ्रीवाल्ड तथा कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के डोरिस त्साओ को प्रदान किया गया।
- इन तीनों वैज्ञानिकों को चेहरे की पहचान और मस्तिष्क के बीच संबंध को मापने के लिए किए गए अनुसंधान के लिए सम्मानित किया गया।
- 2008 से लेकर अब तक इस द्विवार्षिक कावली पुरस्कार के तहत 19 देशों के 73 वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जा चुका है।
- इस वर्ष का कावली पुरस्कार समारोह का आयोजन नॉर्वे के ओस्लो कॉन्सर्ट हॉल में 3 सितंबर को आयोजित किया जाएगा जिसमें नॉर्वेजियन शाही परिवार पुरस्कार का वितरण करेंगे।

Result Mitra

## नोबेल पुरस्कार-

- 1895 में स्वीडिश रसायन वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल ने 'नोबेल पुरस्कार' का गठन किया था।
- प्रत्येक वर्ष दिया जाने वाला नोबेल पुरस्कार पांच क्षेत्रों (भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और शांति) में पिछले एक वर्ष के दौरान मानव जाति के लिए किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।
- 'नोबेल पुरस्कार' को वैश्विक स्तर पर अपने संबंधित क्षेत्रों में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत विजेताओं को एक हरा स्वर्ण पदक, एक प्रमाण पत्र सहित 1 करोड़ स्वीडिश क्रोना प्रदान किया जाता है।
- क्रोना, स्वीडन की मुद्रा है।
- पहला नोबेल पुरस्कार 1901 में दिया गया।

Result Mitra